रोहतक और गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के बीच समझौते का हुआ आदान-प्रदान

चर्चा में क्यों?

16 मई, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में नगर निगम रोहतक की 15.37 एकड़ भूमि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को 2 लाख रुपए प्रतिवर्ष की दर से 33 वर्षों की लीज पर आवंटित करने हेतु नगर निगम रोहतक और गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के बीच समझौता हुआ और दस्तावेज़ एक्सचेंज किये गए।

प्रमुख बिंदु

- गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा किया गया है, जिससे इस भूमि का उपयोग मौजूदा शैक्षणिक संस्थान के विस्तार के लिये किया जाएगा।
- सभा के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि सभा 100 से अधिक शिक्षण संस्थाएँ चला रही हैं और समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान कर रही है। वर्तमान में संस्था द्वारा एक स्नातक महाविद्यालय, 1 बी.ए. महाविद्यालय तथा 1 विद्यालय चलाया जा रहा है। इन संस्थानों में लगभग 3700 छात्र अध्ययन कर रहे हैं।
- विदित है कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को वर्ष 2008 में पहरावर ज़मीन लीज़ पर दी गई थी, लेकिन उसके बाद नगर निगम रोहतक बना और यह ज़मीन निगम के अधीन आ गई। लीज़ राशि का भी भुगतान नहीं हुआ। इस बीच हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने ज़मीन का अधिग्रहण किया, विवाद बढ़ा और एचएसवीपी ने ज़मीन को रिलीज़ कर दिया।
- हाल ही में करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ में इस ज़मीन को नए सिरे से गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को देने की घोषणा की गई थी। कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव को मंज़ूरी देकर अब स्वीकृति-पत्र एवं लीज़ दस्तावेज़ सभा को सौंपे गए हैं।
- सभा इस ज़मीन का उपयोग शिक्षण संस्थान बनाने के लिये करेगी। लीज़ में 5 साल का समय दिया गया है। यदि 5 साल में भी संस्थान का निर्माण नहीं हो पाता तो और 5 साल का समय दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि भगवान परशुराम महाकुंभ के दौरान कई घोषणाएँ की गई जिसमें से अधिकांश पूरी हो गई हैं। इनमें भगवान परशुराम के नाम पर एक विशिष्ट स्मारक डाक टिकट जारी करना, कैथल में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम के नाम पर करना और परशुराम जयंती पर राजपत्रित अवकाश की घोषणा करना शामिल है।
- इसके अलावा, पुजारी-पुरोहित कल्याण बोर्ड की स्थापना का काम पाइपलाइन में है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exchange-of-agreement-between-rohtak-and-gaur-brahaman-vidya-pracharini-sabha